# उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग
## प्लॉट सं0 ए–8, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून

संख्याः 15 /उ0मा0अ0आ0/2025

देहरादून, दिनांकः 05 ~~दिसम्बर, 2025~~ जनवरी, 2026

**विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्याः 320603/XX–3–ई0–39452/2025–04 (06) 2023, दिनांकः 07 अगस्त, 2025 द्वारा उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग में सृजित किये गये पदों के सापेक्ष उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग में कार्य की अधिकता एवं आवश्यकता के दृष्टिगत उत्तराखण्ड राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों, आयोगों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत नियमित कार्मिकों से निम्न विवरणानुसार सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान/वेतन लेवल | पदों की संख्या | अर्हतायें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | निबन्धक (विधि) | 1,63,030–2,19,090 (लेवल–15) | 01 | 1. पात्र अभ्यर्थी वर्तमान में उत्तराखण्ड प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में जिला न्यायाधीश/सत्र न्यायाधीश तथा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हों।<br>अथवा<br>2. जिला न्यायाधीश/सत्र न्यायाधीश तथा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए हों तथा अभ्यर्थी की आयु आवेदन–पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि को 65 वर्ष से अधिक न हो। उक्त पद पर नियुक्ति पूर्णतया अस्थायी है तथा प्रारम्भ में एक वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक (जो भी पहले हो) तैनाती की जायेगी। चयन की स्थिति में उन्हें अन्तिम सेवानिवृत्त के समय आहरित वेतन में सकल पेन्शन की धनरशि(राशिकरण से पूर्व) को घटाकर जो धनरशि प्राप्त होगी, वह वेतन होगा। |
| 02 | वरिष्ठ निजी सचिव | 67,700–2,08,700 (लेवल–11) | 01 | वर्तमान में सुसंगत संवर्ग के वेतन लेवल–11 के पद पर कार्यरत हों, जिन्हें आशुलिपि के साथ–साथ कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण का अच्छा ज्ञान हो। |
| 03 | लेखाकार | 35,400–1,12,400 (लेवल–6) | 01 | वर्तमान में सुसंगत संवर्ग के वेतन लेवल–06 में नियमित रूप से कार्य कर रहें हों, तथा लेखा कार्यो के साथ–साथ कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान हो। |
| 04 | रीडर (पेशकार) | 35,400–1,12,400 (लेवल–6) | 02 | वर्तमान में वेतन लेवल–06 में नियमित रूप से कार्य कर रहें हों। आशुलिपिक तथा लिपिकीय संवर्ग में कार्यरत कार्मिक जो समान वेतनमान में कार्य कर रहे हों, वह भी रीडर (पेशकार) के पद हेतु आवेदन कर सकते हैं। |
| 05 | प्रधान सहायक | 35,400–1,12,400 (लेवल–6) | 01 | वर्तमान में वेतन लेवल–06 के पद पर नियमित रूप से कार्य कर रहें हों, तथा विभागीय कार्यो के साथ–साथ कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान हो। |

1. उपरोक्तानुसार ऐसे नियमित कार्मिक जो प्रभावी नियमों के अधीन प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने के इच्छुक हों, अपना सुस्पष्ट आवेदन–पत्र विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित उचित माध्यम से आयोग को प्रेषित कर सकते हैं, परन्तु साक्षात्कार में सम्मिलित होने पर विभागीय अनापत्ति–पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

क्रमशः...2

2. आवेदन–पत्र के साथ कोई विभागीय कार्यवाही न प्रचलित होने एवं मा0 न्यायालय में कोई वाद विचाराधीन न होने संबंधी प्रमाण–पत्र विभागीय सक्षम प्राधिकारी द्वारा संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. उक्त प्रतिनियुक्ति अवधि 03 वर्षों के लिए होगी, जिसे सक्षम अधिकारी द्वारा नियमानुसार आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

4. उक्त पदों पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि तक आवेदक की न्यूनतम 03 वर्ष से अधिक सेवा शेष होनी चाहिए।

5. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर **सचिव,उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग,प्लाट संख्या ए–8, आई0टी0 पार्क,सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–पिन 248001** के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं भी विज्ञप्ति प्रकाशित होनेकी तिथि से15 दिनों के अन्तर्गत आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से पहुंच जाना चाहिए। आवेदन–पत्र का प्रारूप आयोग के वेबसाईट www.ukhrc.org पर डाउनलोड कर सकते हैं। लिफाफे पर जिस पद हेतु आवेदन किया जा रहा है,उस पद के नाम का अंकन किया जाये। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

6. उक्त पदों पर चयन के अन्तिम निर्णय का अधिकार अध्यक्ष, उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग को होगा, जो कि अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। आवेदन–पत्रों की छटनी करने के उपरान्त ही अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा।

7. चयन के पश्चात अभ्यर्थी की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में उक्त प्रतिनियुक्ति किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

सचिव,
**उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग।**

# प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज रंगीन नवीनतम फोटो

1. आवेदित पद का नाम :
2. आवेदक का नाम :
3. माता का नाम :
4. पिता/पति का नाम :
5. जन्मतिथि :
6. कर्मचारी कोड :
7. दूरभाष/मोबाईल नम्बर :
8. स्थायी पता :
9. पत्र व्यवहार का पताः
10. कार्यालय का पता :
11. विभाग का नाम :
12. प्रथम नियुक्ति की तिथि :
13. वर्तमान धारित पदनाम एवं तैनाती तिथि :
14. वर्तमान वेतन बैण्ड एवं वेतन लेवल (नवीनतम वेतन स्लिप) संलग्न किया जायः
15. कुल सेवा अवधि..........................बर्ष .................माह..................दिन
16. वर्तमान पद पर कुल सेवा अवधि.............बर्ष ...............माह...................दिन
17. शैक्षिक योग्यता :
18. संलग्नक अभिलेख/दस्तावेज :-
    1. विभागीय अनापत्ति प्रमाण-पत्र।
    2. विभाग द्वारा जारी संतोषजनक सेवा का प्रमाण-पत्र।
    3. विभाग द्वारा कोई भी जाँच संकल्पित/गतिमान न होने का प्रमाण-पत्र।

## घोषणा-पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी............................................पुत्र/पति/पुत्री..............................घोषणा करता/करती हूँ, कि उपरोक्तानुसार उपलब्ध करायी गयी समसत सूचनाएं सही एवं सत्य है एवं मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा प्रेषित सूचना में कोई भी तथ्य गलत पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाय, जिस हेतु मैं कोई वाद दायर नहीं करूंगा/करूंगी। उत्तराखण्ड मानव अधिकार आयोग का निर्णय अन्तिम एवं मुझे मान्य होगा।

दिनांक :
स्थान :

हस्ताक्षर :
आवेदक का नाम :
पदनाम :